राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन
(पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
प्रथम तल, दि इन्स्टीट्यूशन ऑफ इन्जीनियर्स बिल्डिंग
अपोजिट आई0एस0बी0टी0, देहरादून–248171 उत्तराखण्ड

फोन: 0135-2643727,
फैक्स: 0135-2644050
ई.मेल: swsm.uttarakhand@gmail.com,
swsm_uttarakhand@rediffmail.com

(वैबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु)

प्रतिनियुक्ति आधार पर
मुख्य अभियन्ता की नियुक्ति हेतु निविदा

उत्तराखण्ड राज्य में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अन्तर्गत ''राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन, देहरादून'' में प्रतिनियुक्ति के आधार पर मुख्य अभियन्ता के दो पदों हेतु वेतनमान रू0 37400–67000 (ग्रेड पे–8900) केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रम (केन्द्र/राज्य) के जल शक्ति के अन्तर्गत चिन्हित विभागों यथा सिंचाई, लघु सिंचाई, जल निगम, जल संस्थान आदि से अधीक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यरत अनुभवी अधिकारी, जिसे केन्द्र/राज्य/विश्व बैंक या बाह्य सहायतित परियोजनाओं में कम से कम दो वर्ष तक का कार्य अनुभव/कार्यरत अधिकारी हेतु विभागीय अनापत्ति सहित आवेदन पत्र दिनांक 13 अप्रैल, अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित किये जाने है।

उक्त पद हेतु पात्रता इस प्रकार है:– मुख्य अभियन्ता स्तर के अधिकारी अथवा अधीक्षण अभियन्ता के पद पर कार्यरत, प्रस्तावित वेतनमान से एक क्रम नीचे के अनुभवी अधिकारी।
आवेदन पत्र निम्न प्रारूप में टंकित करते हुये प्रेषित करें।
(1) आवेदित पद का नाम (2) अभ्यर्थी का नाम (3) जन्म तिथि (4) पिता/माता का नाम (5) पैतृक विभाग का नाम एवं पत्र व्यवहार हेतु पूर्ण पता (6) कार्यालय का नाम एवं पत्राचार हेतु पता जहाँ वर्तमान में कार्यरत हैं (7) वर्तमान में धारित पद का नाम (8) वर्तमान वेतनमान एवं उसमें नियुक्ति की तिथि (9) फोन (10) ई–मेल

उपरोक्त आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी के पॉच वर्षों की चरित्र पंजिका की प्रमाणित प्रतियॉ भी उपलब्ध करायी जानी है, साथ ही यह भी प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रस्तुत किया जाना आवश्यक होगा कि कार्यमुक्त अधिकारी के विरूद्ध कोई अनुशासनिक एवं विभागीय जॉच लम्बित नहीं है और न ही पूर्व में उन्हें कभी दण्डित किया गया है। ऐसे सभी अभ्यर्थी जिनकी पात्रता उपरोक्त विवरण के अनुसार संतोषजनक पायी जायेगी, उन्हीं अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु चयनित करने पर विचार किया जायेगा।

संयुक्त मुख्य अधिशासी अधिकारी

Scanned by CamScanner